**087/X/SA2/11/B1**

# Class - X

# SOCIAL SCIENCE

Time : **3** hours
समय : **3** घण्टे

Maximum Marks : **80**
अधिकतम अंक : **80**

Total No. of Pages : 12

**Instructions :**

1. The question paper has **36** questions in all. All questions are **compulsory**.
2. Marks are indicated against each question.
3. Questions from serial number **1 - 16** are multiple choice Questions (MCQs) of **1** mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your answer book.
4. Questions from serial number **17** to **29** are **3** marks questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.
5. Questions from serial number **30** to **34** are **4** marks questions. Answer of these questions should not exceed **100 words** each.
6. Question number **35** is a map question of **2** marks from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography. Attach both the maps in your answer book.

**निर्देश :**

1. प्रश्न पत्र में **36** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न **अनिवार्य हैं**।
2. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गये हैं।
3. प्रश्न क्रमांक **1** से **16** तक के प्रश्न एक-एक अंक के बहु विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। अपनी उत्तर पुस्तिका में सही विकल्प चुन कर लिखिए।
4. प्रश्न क्रमांक **17** से **29** तक के प्रश्न तीन-तीन अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न क्रमांक **30** से **34** तक के प्रश्न चार-चार अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या **35** इतिहास से मानचित्र सम्बन्धित **2** अंक है और प्रश्न संख्या **36** भूगोल से मानचित्र सम्बन्धित **3** अंक का है। दोनों मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

## PART - I

**1.** Elle, the measuring unit in Germany was used to measure : **1**

(a) Cloth (b) Thread (c) Land (d) Height

**OR**

Indentured labour refers to :

(a) Slave labour (b) Labour of the colonies

(c) Contracted labour of plantations (d) Bonded labour

**2.** The main function of the Prussian Zalleverein was to : **1**

(a) impose custom duty on imported goods

(b) abolish tarrif barriers

(c) reduce custom duties

(d) introduce new rules for trade

**OR**

Which one of the following movement started in Vietnam in 1868 was against the spread of Christianity ? **1**

(a) Scholars Revolt (b) Hoa-Hao Movement

(c) Go East Movement (d) Liberation Movement

**3.** `Hind Swaraj' was written by : **1**

(a) Abul Kalam Azad (b) Mahatma Gandhi

(c) Sardar Patel (d) Subhash Chandra Bose

**4.** Who amongst the following led the civil disobedience in Peshawar ? **1**

(a) Abdul Gaffar Khan (b) Maulana Abul Kalam Azad

(c) Lala Lajpat Rai (d) Jawaharlal Nehru

**5.** The highest quality of hard coal is : **1**

(a) Lignite (b) Bituminous (c) Peat (d) Anthracite

**6.** Which one of the following is largely derived from ocean water ? **1**

(a) Bauxite (b) Magnesium (c) Gold (d) Mica

**7.** The first successful textile mill was established in : **1**

(a) Delhi (b) Vishakhapattnam

(c) Chennai (d) Mumbai (Bombay)

**8.** The helicopter services to Oil and Natural Gas Commission in its offshore operations are provided by : **1**

(a) Air India (b) Indian Airlines

(c) Pawanhans helicopters (d) Alliance Air

**9.** The city of Cochabamba is related to which issue ? **1**

(a) Nepal's popular struggle (b) Bolivia's water war

(c) Environmental Movement (d) Narmada Bachao Movement

**10.** Which one of the following distinctions between pressure groups and political parties is false ? **1**

(a) Parties take political stances, while pressure groups do not bother about political issues.

(b) Pressure Groups are confined to a few people, while parties involve large number of people.

(c) Pressure Groups do not seek to get into power, while political parties do.

(d) Pressure groups are least concerned with the people while parties fully depend on the people.

**11.** An alliance is formed when : **1**

(a) two parties together form the government

(b) the state parties ad national parties together form the government

(c) some parties join for the purpose of contesting elections and winning power in hands

(d) left and right parties join hands to form the government.

**12.** Which of the following statements about democracy is false ? **1**

(a) People feel free and equal in a democracy

(b) Democracies resolve conflict in a better way then others

(c) Democratic government is more accountable to the people

(d) Democracies are more prosperous than others

**13.** In a Self Help Group, most of the decisions regarding savings and loans related activities are taken by : **1**

(a) Banks (b) Members of the group

(c) Employers (d) Cooperative

**14.** Who issues currency notes on behalf of the central government in India ? **1**

(a) The President of India (b) The Finance Commission

(c) Central Bank of India (d) Reserve Bank of India

**15.** Rapid integration or inter connection between countries is known as : **1**

(a) Privatisation (b) Globalisation

(c) Liberalisation (d) Socialisation

**16.** In October 2005, the Government of India enacted a law known as : **1**

(a) Right to Choose Act (b) Right to Information Act

(c) Women Reservation Act (d) Anti-corruption Act

## PART - II

**17.** What are the political, social and economic ideals supported by the liberals in Europe ? **3x1=3**

**OR**

What was Phan Chu Trinh's objective for Vietnam ? How were his ideas different from those of Phan Boi Chau ? **1+2=3**

**18.** `Some icons and symbols were used for unifying the people and sparking in them the feeling of nationalism.' Give two evidences to support above statement. **1½+1½=3**

**19.** State the importance of petroleum as an energy resource. Mention any four oil fields of India. **2+4x½=3**

**20.** How are agriculture and industries interdependent on each other ? Explain any three points. **3x1=3**

**21.** How do industries create thermal and noise pollution ? Mention their consequences. **1½+1½=3**

**22.** Differentiate between Sectional Interest Groups and Public Interest Groups with the help of examples. **1½+1½=3**

**23.** Why do people prefer democracy ? Explain any three reasons. **3x1=3**

**24.** Examine any three conditions under which democracies accommodate social diversities. **3x1=3**

**25.** How can democracy be reformed and deepened ? Suggest any three guidelines. **3x1=3**

**26.** What were the reasons for putting barriers to foreign trade and foreign investment by the Indian government? Why have these barriers been removed now ? **1½+1½=3**

**27.** What is an MNC? How do MNC's organise production ? **1+2=3**

**28.** What is the Right to Information Act, 2005 ? How does it help the consumers ? **1+2=3**

**29.** What legal measures have been taken by the government to empower the consumers in India ? **3**

**30.** Describe any four features of the Ho Chi Minh trail in the Vietnamese war against the US. **4x1=4**

**OR**

Describe the four stages of the Unification of Germany. **4x1=4**

**31.** Analyse the circumstances which led Gandhiji to choose abolition of salt tax as the most important demand of the Civil Disobedience Movement. **4**

**32.** Why do roadways have an edge over railways ? Explain. **4**

**33.** What is a Political Party ? Highlight any three functions of parties in a democracy. **4**

**34.** Answer the following questions : **1+1+1+1=4**

(A) Why are banks unwilling to lend loans to small farmers ?

(B) Besides banks, what are the other sources of credit from which the small farmers can borrow ?

(C) Explain how terms of credit can be unfavourable for the small farmer

(D) From where can small farmers get cheap loans ?

**35.** Locate and label the following items with appropriate symbols on the given political outline map India.

(A) Kheda - The place of Peasant Satyagrah. **1+1=2**

(B) Chauri Chaura - The centre of calling off the Non Cooperation Movement

**OR**

Two features (A) and (B) are marked in the given political outline map of India. Identify there features with the help of following information and write there correct names on the lines marked in the map.

(A) The place where the Movement of Indigo Planters was launched. **1+1=2**

(B) The place where Indian National Congress Session 1927 was held.

Note : The following questions are for the BLIND CANDIDATES only, in lieu of Q. No. 35. **1+1=2**

(35.1) Name the place where Indian National Congress session was held in 1929.

(35.2) Name the place where the movement of Indigo Planters was started

**36.** Three features (A), (B), (C) are marked in the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the line marked in the map. **3x1=3**

(A) A coal field

(B) A woollen textile centre

(C) Westernmost point of East-west corridor

**OR**

Locate and label the following features on the given political outline map of India.

(Use the same map as for identification).

(i) Uran thermal plant

(ii) Rourkela Iron Steel plant

(iii) Kandla sea port

Note : The following questions are for the BLIND CANDIDATES only, in lieu of Q. No. 36.

(36.1) Name the state where Uran thermal plant is situated.

(36.2) Rourkela Iron and Steel plant is situated in which state?

(36.3) Kandla sea port is situated in which state.

**- o O o -**

## भाग - I

**1.** जर्मनी में मापन की इकाई 'ऐले' का प्रयोग क्या मापने के लिए किया जाता था? **1**

(a) कपड़ा (b) धागा (c) भूमि (d) ऊंचाई

**अथवा**

'अनुबन्धित श्रमिक' कहा जाता है- **1**

(a) गुलाम श्रमिक (b) उपनिवेशों के श्रमिक

(c) बागानों के ठेके पर रखे श्रमिक (d) बंधुआ श्रमिक

**2.** प्रशा के ज़ालवेराइन का मुख्य कार्य क्या था? **1**

(a) आयातित वस्तुओं पर सीमा शुल्क लगाना (b) शुल्क अवरोधों को हटाना

(c) सीमा शुल्क घटाना (d) व्यापार के लिए नये नियम लागू करना

**अथवा**

1868 में वियतनाम में शुरू किए गए आन्दोलनों में से कौन सा आन्दोलन इसाई धर्म के फैलाव के विरुद्ध था? **1**

(a) स्कालर्स रिवोल्ट (b) होआ-हाओ आन्दोलन

(c) 'पूरब की ओर चलो' आन्दोलन (d) मुक्ति आन्दोलन

**3.** 'हिन्द स्वराज' का लेखक कौन था? **1**

(a) अबुल कलाम आज़ाद (b) महात्मा गांधी

(c) सरदार पटेल (d) सुभाष चन्द्र बोस

**4.** निम्नलिखित में से किसने पेशावर में सविनय अवज्ञा आन्दोलन का नेतृत्व किया? **1**

(a) अब्दुल गफ्फार खान (b) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

(c) लाला लजपतराय (d) जवाहरलाल नेहरू

**5.** कठोर कोयले की उच्चतम कोटि है- **1**

(a) लिग्नाइट (b) बिटुमिनस (c) पीट (d) एन्थ्रेसाइट

**6.** निम्नलिखित में किसको अधिक मात्रा में समुद्री जल से निकाला जाता है? **1**

(a) बाक्साइट (b) मैग्निशियम (c) सोना (d) अभ्रक

**7.** पहली सफल कपड़ा मिल स्थापित की गई थी- **1**

(a) देहली (b) विशाखापट्टनम् (c) चेन्नई (d) मुम्बई

**8.** तेल व प्राकृतिक गैस आयोग को इसकी अपतटीय संक्रियाओं के लिए हेलिकाप्टर सेवाएँ प्रदान करती है : **1**

(a) एयर इन्डिया (b) इन्डियन एयरलाईन्स

(c) पवनहंस हेलिकाप्टर (d) एलायन्स एयर

**9.** 'कोचबंबा' शहर किस मुद्दे से जुड़ा हुआ है? **1**

(a) नेपाल के जन संघर्ष (b) बोलिविया जल युद्ध

(c) पर्यावरण आन्दोलन (d) नर्मदा बचाओ आन्दोलन

**10.** निम्नलिखित में से कौन सा अन्तर दबाव समूहों और राजनीतिक पार्टियों के बीच का अन्तर नहीं है? **1**

(a) पार्टियाँ राजनीतिक दृष्टि रखती हैं जबकि दबाव समूह राजनीतिक मुद्दों की परवाह नहीं करते

(b) दबाव समूह कुछ लोगों तक सीमित होते हैं जबकि पार्टी अधिक लोगों को शामिल करती है

(c) दबाव समूह राजनीतिक सत्ता प्राप्त करना नहीं चाहते जबकि राजनीतिक पार्टियाँ चाहती हैं

(d) दबाव समूह लोगों की कम से कम परवाह करते हैं जबकि राजनीतिक पार्टियाँ पूरी तरह से उनपर निर्भर करती हैं

**11.** एक गठबन्धन तब बनता है जब - **1**

(a) दो पार्टियाँ मिलकर सरकार बनाती हैं

(b) प्रान्तीय पार्टियाँ और राष्ट्रीय पार्टियां मिलकर सरकार बनाती हैं

(c) कुछ पार्टियाँ चुनाव लड़ने और सत्ता जीतने के लिए आपस में मिल जाती हैं

(d) वाम और दक्षिण पंथी पार्टियाँ सरकार बनाने के लिए हाथ मिलाती है

**12.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन लोकतन्त्र के लिए असत्य है? **1**

(a) लोकतन्त्र में लोग स्वतंत्र और समान अनुभव करते हैं

(b) लोकतन्त्र विवादों को अन्य तरीकों से बेहतर ढंग से सुलझाता है

(c) लोकतन्त्र लोगों के प्रति उत्तरदायी होता है

(d) लोकतन्त्र अन्य की तुलना में अधिक खुशहाल (समृद्ध) होता है

**13.** किसी स्वसहायता समूह में बचत और ऋण सम्बन्धी अधिकांश निर्णय लिये जाते हैं- **1**

(a) बैंकों द्वारा (b) समूह के सदस्यों द्वारा

(c) रोजगार देनेवालों के द्वारा (d) सहकारी समितियों द्वारा

**14.** भारत में केन्द्रीय सरकार की ओर से करेंसी नोट कौन जारी करता है? **1**

(a) भारत के राष्ट्रपति (b) वित्त आयोग

(c) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया (d) भारतीय रिज़र्व बैंक

**15.** देशों के बीच तीव्र एकीकरण अथवा अन्तर्सम्बन्धों को कहा जाता है - **1**

(a) निजीकरण (b) वैश्वीकरण (c) उदारीकरण (d) समाजीकरण

**16.** अक्तूबर 2005 में भारत सरकार ने एक कानून बनाया जिसे कहते हैं - **1**

(a) चयन का अधिकार (b) सूचना का अधिकार

(c) महिला आरक्षण अधिनियम (d) भ्रष्टाचार विरोधी अधिनियम

## भाग - II

17. युरोप में उदारवादियों द्वारा समर्थित राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक आदर्श क्या थे? **3x1=3**

**अथवा**

फान चू त्रिन्ह के वियतनाम के लिए क्या उद्देश्य थे? उसके विचार फान बोइ चाऊ से किस प्रकार भिन्न थे? **1+2=3**

18. 'लोगों में एकता लाने और उनमें राष्ट्रवाद की भावना जगाने के लिए कुछ प्रतिमाओं और प्रतीकों का प्रयोग किया गया' इस कथन के पक्ष में कोई दो साक्ष्य दीजिए । **1½+1½=3**

19. ऊर्जा संसाधन के रूप में पेट्रोलियम का महत्त्व लिखिए । भारत के किन्हीं चार तेल क्षेत्रों के नाम लिखिए। **1+4x½=3**

20. कृषि और उद्योग किस प्रकार एक दूसरे पर निर्भर करते हैं? किन्ही तीन बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए। **3x1=3**

21. उद्योग किस प्रकार तापीय और ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करते हैं? उनके परिणामों का उल्लेख कीजिए । **1½+1½=3**

22. वर्ग विशेष के हित समूहों और जन सामान्य के हित समूहों के बीच उदाहरण देकर अन्तर कीजिये । **1½+1½=3**

23. लोग लोकतन्त्र को पसन्द क्यों करते हैं? कोई तीन कारण लिखिए । **3x1=3**

24. किन्हीं तीन स्थितियों का परीक्षण कीजिए जिनके अन्तर्गत लोकतन्त्र सामाजिक विविधताओं को समायोजित करते हैं। **3x1=3**

25. लोकतन्त्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है और सुधारा जा सकता है? मार्गदर्शन के लिए कोई तीन सुझाव दीजिए । **1½+1½=3**

26. भारत सरकार द्वारा विदेश व्यापार और विदेशी निवेश पर अवरोध लगाने के क्या कारण थे? अब इन अवरोधों को क्यों हटा लिया गया है? **3**

27. एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी क्या है? बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ उत्पादन को कैसे व्यवस्थित करती हैं? **1+2=3**

28. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 क्या है? यह उपभोक्ताओं की कैसे सहायता करता है? **1+2=3**

29. भारत में उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने क्या कानूनी कदम उठाए हैं? **3**

30. अमरीका के विरुद्ध वियतनामी युद्ध में हो ची मिन्ह के भूलभुलैया मार्ग की चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **4x1=4**

**अथवा**

जर्मनी के एकीकरण के चार चरणों का वर्णन कीजिए । **4x1=4**

31. उन परिस्थितियों का परीक्षण कीजिए जिन्होंने गांधीजी को सविनय अवज्ञा आन्दोलन में नमक टैक्स को समाप्त करें को सबसे महत्त्वपूर्ण माँग बनाया । **4**

32. ''सड़क मार्ग किस प्रकार रेलवे से बेहतर हैं'' इसको स्पष्ट कीजिए । **4**

33. राजनीतिक पार्टी क्या होती है? लोकतन्त्र में राजनीतिक पार्टी के किन्हीं तीन कार्यों को उजागर कीजिए। **1+3=4**

34. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **1+1+1+1=4**
   (A) बैंक छोटे किसानों को ऋण देने की इच्छा क्यों नहीं रखते?
   (B) बैंकों के अतिरिक्त ऐसे कौन से स्रोत हैं जहाँ से छोटे किसान ऋण ले सकते हैं?
   (C) बताइए कि ऋण की शर्तें किस प्रकार छोटे किसानों के पक्ष में नहीं हो सकती हैं?
   (D) छोटे किसान कहाँ से सस्ते ऋण प्राप्त कर सकते हैं?

35. दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए और उनके सही नाम लिखिए । **1+1=2**
   (A) खेडा - किसानों के सत्याग्रह का स्थान
   (B) चौरी-चौरा - असहयोग आन्दोलन समाप्त करने का केन्द्र

**अथवा**

दिए हुए भारत के राजनीतिक मानचित्र पर ही दो विशेषताएँ A और B पर चिन्हित की गई हैं । नीचे दी गई जानकारी की सहायता से इन विशेषताओं की पहचान कीजिए और मानचित्र पर चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए । **1+1=2**
   (A) वह स्थान जहां नील की खेती करने वालों का आन्दोलन शुरु हुआ था
   (B) वह स्थान जहां भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का 1927 में अधिवेशन हुआ था

**नोट :-** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 35 के स्थानपर हैं । इनके उत्तर दीजिए । **1+1=2**

(35.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहां 1929 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

(35.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहां नील की खेती करनेवालों का आन्दोलन शुरु हुआ था ।

36. दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में तीन विशेषताएं A, B, C पर चिन्हित की गई हैं । नीचे दी गई जानकारी की सहायता से इन विशेषताओं की पहचान कीजिए और मानचित्र पर चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए ।
   (A) एक कोयला क्षेत्र
   (B) ऊनी कपड़े का केन्द्र
   (C) पूर्व पश्चिम गलियारे का पश्चिमी छोर

**3x1=3**

**अथवा**

दिए हुए मानचित्र पर ही निम्नलिखित विशेषताओं को दर्शाइये और उनके सही नाम लिखिए ।
   (i) उरण तापीय संयत्र
   (ii) राउरकेला लौह और इस्पात संयत्र
   (iii) कांडला समुद्री पत्तन।


**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक ***36*** के स्थान पर हैं । इनके उत्तर दीजिए ।

(36.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहां उरण तापीय संयत्र स्थित है ।


(36.2) राउरकेला लौह और इस्पात संयत्र किस राज्य में स्थित है ।

(36.3) कांडला समुद्री पतन किस राज्य में स्थित है ?

Map for Q.No. 35



Map for Q.No. 36




- o O o -